भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 26.11.2022

आरेडिका में संविधान दिवस का आयोजन

भारतीय संविधान की 73वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज दिनांक 26.11.2022 को आरेडिका में संविधान दिवस मनाया गया जिसमें आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एस.एस. कलसी, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एन.डी. राव एवं उच्चाधिकारियों द्वारा संविधान की ''उद्देशिका'' का पाठ किया गया और आरेडिका के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल पर ही संविधान की ''उद्देशिका'' का पाठ किया।

इसके अतिरिक्त प्रशासनिक भवन में भारतीय संविधान के निर्माण में महापुरुषों द्वारा किए गये महत्वपूर्ण योगदान पर चित्रप्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में आरेडिका के अधिकारियों ,कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया और संविधान की ''उद्देशिका'' एवं ''मौलिक कर्तव्यों'' की जानकारी के साथ–साथ संविधान निर्मताओं के संघर्षो, कार्यकुशलता और महत्वपूर्ण योगदान से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर आरेडिका के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

26/11/2022
(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी